# महापत्तनों में अगस्त, 2023 के दौरान और तक संचालित कार्गो यातायात

## भारत के महापत्तनों में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास, अर्थात वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि से नियंत्रित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संचालित समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा, मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू दोनों गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। भारत के 12 महापत्तनों में संचालित कार्गो यातायात, अप्रैल- अगस्त, 2022-23 के दौरान संचालित 322.64 मिलियन टन कार्गो यातायात की तुलना में **अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान 2.8% तक बढ़कर 331.6 मिलियन टन** हो गया।

महापत्तनों में संचालित विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल- अगस्त, 2022-23 के दौरान संचालित 248.31 मिलियन टन से 3.2% तक बढ़कर, अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान 256.31 मिलियन टन हो गया। महापत्तनों में संचालित तटीय कार्गो, अप्रैल-अगस्त, 2022-23 के दौरान संचालित किए गए 74.33 मिलियन टन से 1.3% तक बढ़कर अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान 75.02 मिलियन टन हो गया।

## अगस्त, 2023 के दौरान संचालित पत्तन-वार कार्गो यातायात


भारत के महापत्तनों में अगस्त , 2023 के दौरान, हैंडल किया गया कार्गो विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.2% की बढ़ोतरी दर्शाते हुए 65.19 मिलियन टन हो गई है। अगस्त, 2022 में महापत्तनों में हैंडल किया गया कार्गो 14.48 मिलियन टन से 1.5% तक घटकर अगस्त, 2023 की अवधि के दौरान 14.27 मिलियन टन हो गया है। अगस्त, 2022 के दौरान महापत्तनों में हैंडल किया गया विदेशी कार्गो 48.06 मिलियन टन की तुलना में अगस्त, 2023 में 6.0% तक बढ़कर 50.92 मिलियन टन हो गया है।

- अगस्त, 2023 के दौरान; एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली में यातायात संचालन में 26.2% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद, मुंबई पत्तन (25.3%), जेएनपीए (14.6%), मुरगांव पत्तन (10.4%), पारादीप पत्तन (10.3%), चेन्नै पत्तन (9.7%), कामराजार पत्तन (6.6%), वाइजैग पत्तन (4.6%), कोचीन पत्तन (3.7%) और वी.ओ.सी पत्तन (0.03%) आते हैं। दीनदयाल पत्तन (13.7%), एनएमपीए (7.1%)और एसएमपी हल्दिया डॉक काम्प्लेक्स (2.6%) ने अगस्त 2023 के दौरान ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की।
- 12 महापत्तनों में पारादीप पत्तन ने 17.0% की हिस्सेदारी के साथ 11.06 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात को संचालित किया। इसके बाद, दीनदयाल पत्तन (16.0%), जेएनपीए (11.2%), वाइजैग पत्तन (10.0%), मुंबई पत्तन (8.8%), चेन्नै पत्तन (7.1%), एसएमपी हल्दिया डॉक काम्प्लेक्स (6.2%), कामराजार पत्तन (5.6%), वीओसी पत्तन (4.9%), कोचीन पत्तन (4.5%), एनएमपीए (4.1%), एसएमपी कोलकाता डॉक सिस्टम (2.5%) और मुरगांव पत्तन (2.0%) आते हैं।

- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर अगस्त, 2023 में लौह एवं इस्पात ने 70.4% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है। इसके बाद, अन्य अयस्क (64.1%), खाद्य तेल (38.0%), लौह अयस्क/ पेलेट्स (34.(1%), एफआरएम-ड्राई (22.0%), अन्य कोयला (21.4%), पीओएल-उत्पाद (16.8%), कंटेनर (16.6%), पीओएल-क्रूड (13.3%) तथा एलपीजी/एलएनजी (4.1%) आते हैं। जुलाई, 2023 में दालों को छोड़कर खाद्यान्न ने 83.2% की सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की है। इसके बाद एफआरएम-लिक्विड (27.2%), थर्मल कोयला (24.3%), उर्वरक (22.5%), दालें (22.4%), कोकिंग कोयला (22.4%), चीनी (21.0%), अन्य सामान (12.1%), सीमेंट (5.0%), परियोजना कार्गो (2.4%) आते हैं।
- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर अगस्त, 2023 के दौरान कंटेनर्स ने 25.0% हिस्से के साथ 16.27 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की हैंडलिंग की। इसके बाद, पीओएल-क्रूड (20.7%), थर्मल कोयला (11.8%), पीओएल-उत्पाद (8.6%), अन्य सामान (8.1%), लौह अयस्क (5.5%), अन्य कोयला (5.3%), कोकिंग कोयला (4.5%), खाद्य तेल (2.2%), एलपीजी/एलएनजी (2.1%), लौह एवं इस्पात (1.5%), एफआरएम-ड्राई (1.3%), अन्य अयस्क (1.0%), उर्वरक (0.8%), एफआरएम-लिक्विड (0.7%), सीमेंट (0.4%), चीनी (0.3%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.12%), दालें (0.12%) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।

<u>अप्रैल-अगस्त 2023-24 के दौरान हैंडल किया गया कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान, महापत्तनों में से मुंबई पत्तन ने हैंडल किए गए यातायात में 10.3% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, एसएमपी कोलकाता (8.4%), पारादीप पत्तन (8.1%), एनएमपीए पत्तन (6.3%), चेन्नै पत्तन (4.6%), जेएनपीए (4.5%), एसएमपी हल्दिया डॉक (2.8%), वाइजैग पत्तन (2.5%), मुरगांव पत्तन (2.4%) वीओसी पत्तन (1.0%) और कोचीन पत्तन (0.3%) आते हैं। अप्रैल-अगस्त, 2022-23 की तुलना में अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान यातायात में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले महापत्तन दीनदयाल पत्तन (6.0%) और कामराजार पत्तन (1.2%) हैं। (तालिका-क)
- अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान, महापत्तनों में से, पारादीप पत्तन ने हैंडल किए गए कुल कार्गो में 17.7% की हिस्सेदारी के साथ 58.76 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की हैंडलिंग की। इसके बाद, दीनदयाल पत्तन (16.6%), जेएनपीए (10.6%), वाइजैग पत्तन (10.0%), मुंबई पत्तन (8.3%), चेन्नै पत्तन (6.3%), एसएमपी हल्दिया डॉक (5.8%), कामराजार पत्तन (5.7%), एनएमपीए (5.2%), वीओसी पत्तन (4.9%), कोचीन पत्तन (4.4%), मुरगांव पत्तन (2.2%) और एसएमपी कोलकाता (2.1%) आते हैं। (ग्राफ-। नीचे दिया गया है)




तालिका-क: पत्तनवार हैंडल किया गया मासिक कार्गो यातायात

(हजार टनों में)

| क्र.सं. | पत्तनों के नाम | | अगस्त , 2022 (पी) | | अगस्त , 2023 (पी) | | अप्रैल- अगस्त, 2022-2023 (पी) | | अप्रैल- अगस्त, 2023-2024 (पी) | | % बदलाव {(कॉ.10/ कॉ.8-1) *100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | एसएमपी कोलकाता | विदेशी | 4823 | 10.0 | 5265 | 10.3 | 22804 | 9.2 | 24433 | 9.5 | **7.1** |
| | | तटीय | 627 | 4.3 | 419 | 2.9 | 2465 | 3.3 | 1907 | 2.5 | **-22.6** |
| | | कुल | 5450 | 8.7 | 5683 | 8.7 | 25269 | 7.8 | 26340 | 7.9 | **4.2** |
| | केडीएस | विदेशी | 1264 | 2.6 | 1576 | 3.1 | 6271 | 2.5 | 6778 | 2.6 | **8.1** |
| | | तटीय | 33 | 0.2 | 61 | 0.4 | 180 | 0.2 | 215 | 0.3 | **19.5** |
| | | कुल | 1298 | 2.1 | 1637 | 2.5 | 6451 | 2.0 | 6993 | 2.1 | **8.4** |
| | एचडीसी | विदेशी | 3559 | 7.4 | 3689 | 7.2 | 16534 | 6.7 | 17655 | 6.9 | **6.8** |
| | | तटीय | 594 | 4.1 | 357 | 2.5 | 2285 | 3.1 | 1692 | 2.2 | **-25.9** |
| | | कुल | 4153 | 6.6 | 4046 | 6.2 | 18818 | 5.8 | 19347 | 5.8 | **2.8** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पारादीप | विदेशी | 5017 | 10.4 | 6876 | 13.5 | 30212 | 12.2 | 35239 | 13.7 | **16.6** |
| | | तटीय | 5012 | 34.6 | 4183 | 29.3 | 24169 | 32.5 | 23520 | 31.2 | **-2.7** |
| | | कुल | 10028 | 16.0 | 11059 | 17.0 | 54380 | 16.9 | 58758 | 17.7 | **8.1** |
| 3 | वाइजैग | विदेशी | 4592 | 9.6 | 5245 | 10.3 | 23742 | 9.6 | 25864 | 10.1 | **8.9** |
| | | तटीय | 1647 | 11.4 | 1284 | 9.0 | 8578 | 11.5 | 7277 | 9.7 | **-15.2** |
| | | कुल | 6239 | 10.0 | 6529 | 10.0 | 32320 | 10.0 | 33141 | 10.0 | **2.5** |
| 4 | कामराजार | विदेशी | 2241 | 4.7 | 2513 | 4.9 | 12041 | 4.8 | 12087 | 4.7 | **0.4** |
| | | तटीय | 1169 | 8.1 | 1121 | 7.9 | 7238 | 9.7 | 6962 | 9.2 | **-3.8** |
| | | कुल | 3410 | 5.5 | 3634 | 5.6 | 19278 | 6.0 | 19048 | 5.7 | **-1.2** |
| 5 | चेन्नई | विदेशी | 3740 | 7.8 | 4235 | 8.3 | 17433 | 7.0 | 18935 | 7.4 | **8.6** |
| | | तटीय | 495 | 3.4 | 413 | 2.9 | 2576 | 3.5 | 1992 | 2.6 | **-22.7** |
| | | कुल | 4236 | 6.8 | 4648 | 7.1 | 20009 | 6.2 | 20926 | 6.3 | **4.6** |
| 6 | वी.ओ.सी. | विदेशी | 2211 | 4.6 | 2313 | 4.5 | 11477 | 4.6 | 11383 | 4.4 | **-0.8** |
| | | तटीय | 955 | 6.6 | 855 | 6.0 | 4767 | 6.4 | 5023 | 6.7 | **5.4** |
| | | कुल | 3166 | 5.1 | 3167 | 4.9 | 16245 | 5.0 | 16405 | 4.9 | **1.0** |
| 7 | कोचिन | विदेशी | 2067 | 4.3 | 1814 | 3.6 | 10002 | 4.0 | 9409 | 3.7 | **-5.9** |
| | | तटीय | 774 | 5.3 | 1133 | 7.9 | 4430 | 6.0 | 5060 | 6.7 | **14.2** |
| | | कुल | 2841 | 4.5 | 2947 | 4.5 | 14432 | 4.5 | 14469 | 4.4 | **0.3** |
| 8 | नव मंगलूर | विदेशी | 2379 | 5.0 | 1837 | 3.6 | 12873 | 5.2 | 12868 | 5.0 | **0.0** |
| | | तटीय | 529 | 3.7 | 865 | 6.1 | 3478 | 4.7 | 4509 | 6.0 | **29.6** |
| | | कुल | 2908 | 4.7 | 2702 | 4.1 | 16351 | 5.1 | 17377 | 5.2 | **6.3** |
| 9 | मुरगांव | विदेशी | 1094 | 2.3 | 992 | 1.9 | 6492 | 2.6 | 5941 | 2.3 | **-8.5** |
| | | तटीय | 74 | 0.5 | 297 | 2.1 | 565 | 0.8 | 1284 | 1.7 | **127.1** |
| | | कुल | 1167 | 1.9 | 1288 | 2.0 | 7057 | 2.2 | 7225 | 2.2 | **2.4** |
| 10 | मुंबई | विदेशी | 2812 | 5.9 | 3696 | 7.3 | 15734 | 6.3 | 18090 | 7.1 | **15.0** |
| | | तटीय | 1790 | 12.4 | 2068 | 14.5 | 9233 | 12.4 | 9456 | 12.6 | **2.4** |
| | | कुल | 4601 | 7.4 | 5764 | 8.8 | 24967 | 7.7 | 27546 | 8.3 | **10.3** |
| 11 | जेएनपीए | विदेशी | 6028 | 12.5 | 6993 | 13.7 | 31947 | 12.9 | 33386 | 13.0 | **4.5** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तटीय | 365 | 2.5 | 331 | 2.3 | 1761 | 2.4 | 1852 | 2.5 | **5.2** |
| | | कुल | 6394 | 10.2 | 7324 | 11.2 | 33708 | 10.4 | 35237 | 10.6 | **4.5** |
| | | विदेशी | 11058 | 23.0 | 9144 | 18.0 | 53552 | 21.6 | 48679 | 19.0 | **-9.1** |
| | **दीनदयाल** | तटीय | 1044 | 7.2 | 1299 | 9.1 | 5069 | 6.8 | 6446 | 8.6 | **27.2** |
| 12 | | कुल | 12101 | 19.3 | 10443 | 16.0 | 58621 | 18.2 | 55125 | 16.6 | **-6.0** |
| | | **विदेशी** | **48062** | **76.8** | **50922** | **78.1** | **248309** | **77.0** | **256312** | **77.3** | **3.2** |
| कुल | | **तटीय** | **14481** | **23.2** | **14266** | **21.9** | **74329** | **23.0** | **75286** | **22.7** | **1.3** |
| | | **कुल** | **62543** | **100.0** | **65189** | **100.0** | **322638** | **100.0** | **331599** | **100.0** | **2.8** |

**स्रोत:- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल (पीडीएमपी), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी– अनंतिम**

- वस्तुओं के व्यापक स्तर पर, अप्रैल-अगस्त, 2023-24 के दौरान दालों ने 79.4% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद लौह अयस्क पेलेट्स/ फाइन (29.4%), उर्वरक (27.6%), एफआरएम-ड्राई (24.0%), खाद्य तेल (17.7%), लौह और इस्पात (17.0%), कंटेनर (6.5%), पीओएल-क्रूड (5.8%), पीओएल-उत्पाद (2.1%), एफआरएम-लिक्विड (2.1%) आते हैं। अप्रैल-अगस्त, 2022-23 में जिन वस्तुओं ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की उनमें दालों को छोड़कर खाद्यान्न ने (79.7%), सीमेंट (16.6%), चीनी (16.6%), परियोजना कार्गो (15.6%), अन्य कोयला (8.0%), अन्य अयस्क (6.6%), अन्य सामान (6.0%), थर्मल कोयला (2.0%), एलपीजी अथवा एलएनजी (0.6%) और कोकिंग कोयला (0.04%) आते हैं **(तालिका-ख)**।
- सभी वस्तुओं में से, अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान कंटेनर ने 22.8% हिस्सेदारी के साथ 75.61 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात को संचालित किया। इसके बाद, पीओएल-क्रूड (21.3%), थर्मल कोयला (13.7%), अन्य सामान (8.5%), पीओएल-उत्पाद (7.4%), लौह अयस्क/ पेलेट्स (6.6%), अन्य कोयला (4.9%), कोकिंग कोयला (4.8%), एलपीजी/एलएनजी (1.9%), खाद्य तेल (1.6%), लौह एवं इस्पात (1.2%), एफआरएम-ड्राई (1.2%), उर्वरक (1.1%), अन्य अयस्क (1.1%), एफआरएम-लिक्विड (0.8%), सीमेंट (0.3%), चीनी (0.3%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.2%), दालें (0.1%) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।


| तालिका–ख : कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (हजार टनों में) | | | | | | | | | | |
| वस्तु | | अगस्त , 2022 (पी) | | अगस्त , 2023 (पी) | | अप्रैल- अगस्त, 2022-23 (पी) | | अप्रैल- अगस्त 2023-24 (पी) | | % बदलाव {(कॉ.8/कॉ.6 -1)* 100} |
| | | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | हैंडल किया गया कार्गो | % हिस्सा | |
| पीओएल क्रूड | | 11906 | 19.0 | 13488 | 20.7 | 66863 | 20.7 | 70770 | 21.3 | 5.8 |
| पीओएल उत्पाद | | 4796 | 7.7 | 5603 | 8.6 | 24001 | 7.4 | 24503 | 7.4 | 2.1 |
| एलपीजी या एलएनजी | | 1327 | 2.1 | 1381 | 2.1 | 6382 | 2.0 | 6342 | 1.9 | -0.6 |
| खाद्य तेल | | 1043 | 1.7 | 1439 | 2.2 | 4391 | 1.4 | 5168 | 1.6 | 17.7 |
| एफआरएम-लिक्विड | | 607 | 1.0 | 442 | 0.7 | 2703 | 0.8 | 2759 | 0.8 | 2.1 |
| लौह अयस्क पेलेट/ फाइन | | 2696 | 4.3 | 3614 | 5.5 | 16841 | 5.2 | 21796 | 6.6 | 29.4 |
| अन्य अयस्क | | 401 | 0.6 | 658 | 1.0 | 3926 | 1.2 | 3668 | 1.1 | -6.6 |
| थर्मल कोयला | | 10154 | 16.2 | 7683 | 11.8 | 46213 | 14.3 | 45297 | 13.7 | -2.0 |
| कोकिंग कोयला | | 3777 | 6.0 | 2931 | 4.5 | 15939 | 4.9 | 15932 | 4.8 | 0.0 |
| अन्य कोयला | | 2833 | 4.5 | 3439 | 5.3 | 17573 | 5.4 | 16165 | 4.9 | -8.0 |
| उर्वरक | | 707 | 1.1 | 549 | 0.8 | 2804 | 0.9 | 3577 | 1.1 | 27.6 |
| एफआरएम-ड्राई | | 686 | 1.1 | 837 | 1.3 | 3219 | 1.0 | 3992 | 1.2 | 24.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | | 466 | 0.7 | 78 | 0.1 | 4079 | 1.3 | 829 | 0.2 | -79.7 |
| दालें | | 101 | 0.2 | 78 | 0.1 | 239 | 0.1 | 429 | 0.1 | 79.4 |
| चीनी | | 214 | 0.3 | 169 | 0.3 | 1198 | 0.4 | 999 | 0.3 | -16.6 |
| सीमेंट | | 243 | 0.4 | 231 | 0.4 | 1364 | 0.4 | 1137 | 0.3 | -16.6 |
| लौह और इस्पात | | 562 | 0.9 | 957 | 1.5 | 3496 | 1.1 | 4092 | 1.2 | 17.0 |
| परियोजना कार्गो | | 67 | 0.1 | 65 | 0.1 | 355 | 0.1 | 300 | 0.1 | -15.6 |
| कंटेनर | टन | 13954 | 22.3 | 16266 | 25.0 | 71004 | 22.0 | 75611 | 22.8 | 6.5 |
| | टीईयू | 978 | - | 1096 | - | 4798 | - | 5064 | - | 5.6 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (हजार में) | | | | | | | | |
| अन्य | | 6004 | 9.6 | 5280 | 8.1 | 30048 | 9.3 | 28234 | 8.5 | -6.0 |
| कुल | | **62543** | 100.0 | **65189** | 100.0 | **322638** | 100.0 | **331599** | 100.0 | 2.8 |


स्रोत:- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल (पीडीएमपी), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी– अनंतिम

<u>अप्रैल-अगस्त , 2023-24 के दौरान संचालित विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान महापत्तनों में से दीनदयाल पत्तन ने 19.0% हिस्सेदारी के साथ 48.68 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो का संचालन किया। इसके बाद, पारादीप पत्तन (13.7%), जेएनपीए (13.0%), वाइजैग पत्तन (10.1%), चेन्नै पत्तन (7.4%), मुंबई पत्तन (7.1%), एसएमपी हल्दिया डॉक (6.9%), एनएमपीए (5.0%), कामराजार पत्तन (4.7%), वीओसी पत्तन (4.4%), कोचीन पत्तन (3.7%), एसएमपी कोलकाता डॉक (2.6%) और मुरगांव पत्तन (2.3%) आते हैं (ग्राफ-।।)।




- अप्रैल- अगस्त, 2023-24 के दौरान महापत्तनों में 31.2% हिस्सेदारी के साथ पारादीप पत्तन ने 23.52 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो का संचालन किया। इसके बाद, मुंबई पत्तन (12.6%), वाइजैग पत्तन (9.7%), कामराजार पत्तन (9.2%), दीनदयाल पत्तन (8.6%), कोचीन पत्तन (6.7%), वीओसी पत्तन (6.7%), एनएमपीए (6.0%), चेन्नै पत्तन (2.6%), जेएनपीए (2.5%), एसएमपी हल्दिया (2.2%), मुरगांव पत्तन (1.7%) और एसएमपी कोलकाता (0.3%) आते हैं (ग्राफ-।।।)।


Graph-III Port-wise share of Coastal cargo handled during April-August, 2023-24
SMP KDS 0.3%
SMP HDC 2.2%
PPA 31.2%
VPA 9.7%
KAM 9.2%
ChPA 2.6%
V.O.C 6.7%
CPA 6.7%
NMPA 6.0%
MPA 1.7%
MbPA 12.6%
JNPA 2.5%
DPA 8.6%

*****************